# महाकाल नगरी का महाकुंभ दुनिया देखेगी

## मुख्यमंत्री ने 369 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी

**उज्जैन, 28 सितंबर. महाकाल की नगरी में महाकुंभ इस बार ऐसा होगा कि दुनिया देखेगी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार को करोड़ों के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया व कन्या पूजन में भी शामिल हुए.**



सीएम ने 369.11 करोड़ रुपये की लागत के 11 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की सौगात दी है. ये विकास कार्य न केवल उज्जैन के नागरिकों के लिए सुविधाओं का विस्तार करेंगे, बल्कि सिंहस्थ महाकुंभ 2028 के भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आधारशिला भी रखेंगे. 135 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह 7 मंजिला अत्याधुनिक भवन लोक-कल्याण और सुशासन का केंद्र बनेगा. सिंहस्थ के दौरान यह भवन मेला प्रशासन और समन्वय के लिए एक केंद्रीकृत और उच्च-सुविधा वाला कंट्रोल सेंटर प्रदान करेगा. यातायात को सुगम बनाने के लिए शिप्रा नदी पर चार पुलों का निर्माण किया जा रहा है. इनमें कार्तिक चौक से शंकराचार्य चौराहा रोड पर पुल (27.06 करोड़), लालपुल के समानांतर नवीन 4 लेन पुल (17.69 करोड़), काल भैरव मंदिर मार्ग पर नवीन टू लेन पुल (13.96 करोड़), और चिंतामन रेल्वे स्टेशन मार्ग पर नवीन 4 लेन पुल (15.86 करोड़) शामिल हैं.

### कलेक्टर-एसपी ऑफिस एक ही बिल्डिंग में बनेंगे

सिंहस्थ के आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को उज्जैन में रुकना पड़ता है, जिसके लिए नई सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है, केंद्रीय जेल उज्जैन और अन्य स्थानों पर अधिकारियों के लिए नवीन आवासीय भवनों (कुल लगभग 51.23 करोड़ रुपये) का भूमिपूजन किया गया. 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल माधवनगर का 200 बिस्तरीय सिविल अस्पताल भवन में उन्नयन (24.08 करोड़ रुपये) सिंहस्थ के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के दबाव को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. ये पुल देश भर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए शहर में आवागमन को निर्बाध और सुरक्षित बनाएंगे. संकरे पुलों पर होने वाली भीड़ और जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी, जिससे शाही स्नान के दौरान भीड़ प्रबंधन में बड़ी मदद मिलेगी. आवासीय और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा. धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों को भी विकसित किया जा रहा है.

# कांग्रेस नेता श्रीकांत, अनुपम पर मामला दर्ज

▸ जमीन खरीदी फर्जीवाड़े में महिलाओं ने की थी शिकायत

**पन्ना, 28 सितंबर. जिले में एक बडे जमीन फर्जीवाड़े मामले में कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार के यहां आदिवासियों महिलाओं ने शिकायत की थी. जिस पर कलेक्टर द्वारा जांच के निर्देश दिये गये थे.**

इसकी शिकायत थाना कोतवाली पन्ना मे भी उक्त आदिवासी महिलाओं द्वारा की गई थी. जिस पर थाना कोतवाली पन्ना मे आरोपी कांग्रेस नेता श्रीकांत दीक्षित निवासी टिकुरिया मोहल्ला पन्ना, अनुपम त्रिपाठी पिता रामलखन त्रिपाठी निवासी न्यू आरपी एक्सीलेंस स्कूल के पीछे इंद्रपुरी कॉलोनी पन्ना सहित फर्जी विक्रेता राजाराम निवासी जैतूपुरा के विरूद्ध धारा 420, 120-बी तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया.

### यह है पूरा मामला

पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर में उल्लेख है कि फरियादिया संतोष रानी आदिवासी पुत्री स्व. जगोला गोड (आदिवासी) निवासी तखोरी तहसील शाहनगर थाना रैपुरा जिला पन्ना ने मय हमराह अपनी बहिन कुशुमरानी गोड के के साथ उपस्थित होकर एक किता टाईपसुदा स्वहस्ताक्षरित आवेदन पत्र पेश किया आवेदन पत्र की नकल अक्षरसह जेल है. लेख किया है कि पार्थिया संतोष रानी आदिवासी पुत्री स्व. श्री जगोला गोड (आदिवासी) निवासी तखोरी तहसील शाहनगर थाना रैपुरा जिला पन्ना की निवासी हूँ हम अपने माता पिता की दो संताने है मुझसे बड़ी बहिन का नाम कुसुमरानी आदिवासी है पिता स्व. जगोला पिता स्व. श्री बल्दू गोड़ की मृत्यु हमारे बचपन में हो चुकी है माँ मल्लन बाई को आँखो से दिखता नहीं है मेरे पिता जगोला गोड के नाम पटवारी राजस्व सर्वे नंबर 148/4 रकबा 2.00 हेक्टेयर भूमि ग्राम मनौर में स्थित है हम दोनो बहने की शादी हो जाने पर अपने अपने ससुराल पति बाल बच्चो सहित रहती है. पिता जगोला गोड की मृत्यु के बाद माँ को आंखों से नही दिखने से अनुपम त्रिपाठी एवं श्रीकांत दीक्षित निवासी पन्ना ने बिना हमें बताये व हमारी बिना सहमति के ग्राम जैतुपरा थाना अमानगंज के राजाराम गोड पिता जगोला गोड को हमारे पिता की फर्जी सतान हमारा भाई बनाकर हम लोगो के हक हिस्से की पैतृक जमीन खसरा नंबर 148/4 रकवा 2.00 हेक्टेयर भूमि को राजाराम गोड के नाम फर्जी तरीके से कराकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराकर उक्त भूमि को स्वयं के लाभ के लिए धोखाधड़ी की.

# लता दीदी ने स्वरों से संगीत को दी नई ऊंचाइयां

**इंदौर 28 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर की सांस्कृतिक धरती पर आज गीत-संगीत के आयोजित अद्भुत, भव्य एवं गरिमामय समारोह में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक सोनू निगम को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से विभूषित किया.**



यह आयोजन संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन इंदौर के सहयोग से हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत रत्न लता मंगेशकर ने अपने स्वर से भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, उनके नाम पर दिया जाने वाला यह सम्मान अद्वितीय है। यह उन कलाकारों के योगदान को नमन है, जिन्होंने गीत-संगीत के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि आज हम विश्व प्रसिद्ध गायक सोनू निगम को सम्मानित कर गौरांवित हो रहे हैं। सोनू निगम के आने से ऐसा लग रहा है जैसे अमावस की रात में पूनम का चांद आया है। उन्होंने कहा कि आज हम गर्वित है कि संगीत की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं.इंदौर की संगीत परंपरा अद्वितीय है.

पार्श्व गायक सोनू निगम ने भावुक स्वर में कहा कि लता जी हमारे लिए केवल प्रेरणा नहीं, बल्कि संगीत की जीती-जागती परंपरा रही हैं। इस सम्मान को पाकर मैं स्वयं को धन्य महसूस कर रहा हूं। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए अत्यंत गौरव का है. अलंकरण के पश्चात संगीत संध्या का आयोजन हुआ.

## ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**इंदौर.** शहर में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है. रेलवे स्टेशन के पास एमआर-04 रोड, भंडारी ब्रिज क्षेत्र से एक युवक को 12.43 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा. जब्त नशे की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 1.50 लाख रुपए बताई जा रही है. एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि आरोपी आजाद नगर निवासी युवक है, जिस पर पहले भी तीन से चार आपराधिक प्रकरण दर्ज हो चुके हैं. वह खुद भी नशे का आदी है और सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर में नशे के आदी लोगों को महंगे दामों पर बेचता था.

# एक दिन पहले जिनका स्वागत उसी का पुतला फूंका

**शाजापुर, 28 सितंबर. शाजापुर शहर किसी पहचान का मोहताज नहीं है. शाजापुर की घटना देशव्यापी सुर्खियां बटोर लेती है.**



चाहे आतंकी घटना हो, राजनीतिक हो, धार्मिक, सांस्कृतिक हो, लेकिन देश में शाजापुर का नाम सुर्खियों में जरूर रहता है. कभी जरूरत से ज्यादा पानी गिरने को लेकर, तो कभी पानी न गिरने को लेकर, लेकिन इस बार शाजापुर का नाम देश की राजनीति में इसलिए चर्चित है कि पिछले दिनों दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित प्रबुद्धजनों की संगोष्ठी में प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रतिपक्ष नेता को लेकर कुछ आपत्तिजनक बयान दिया था. इस बयान को लेकर कांग्रेस ने उनका पुतला फूंका. जबकि इसके एक दिन पहले शाजापुर में स्वागत आपका और सौभाग्य हमारा के साथ भव्य स्वागत किया गया था. लेकिन यही राजनीति है.

गौरतलब है कि एक दिन पहले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के स्वागत के लिए पूरा शहर बैनर पोस्टरों से पट गया. जगह-जगह स्वागत मंच सजाए गए, लेकिन एक बयान के बाद दूसरे दिन कांग्रेस ने कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया.

एक दिन पहले पुलिस-प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की सुरक्षा में लगे हुए थे और दूसरे दिन कांग्रेस के विरोध के चलते पुलिस-प्रशासन विजयवर्गीय के पुतले की सुरक्षा में लग गया. हालांकि कैलाश विजयवर्गीय का शाजापुर से काफी पुराना नाता है, लेकिन उनके बयान से देश की राजनीति में शाजापुर सुर्खियों में जरूर रहा. कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी नदारद रहे. बच्चा कांग्रेस ने विरोध कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. शाजापुर के पूर्व सांसद सज्जनसिंह वर्मा भी अपने विवादित बयानों के लिए चर्चित रहे हैं.

# 70 मोबाइल चोरी, लसूड़िया में ट्रांसपोर्टर की गाड़ी से माल पार

**इंदौर, 28 सितंबर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन की बड़ी चोरी का मामला सामने आया है. अज्ञात बदमाश ट्रांसपोर्टर की गाड़ी से सात बॉक्स मोबाइल फोन चोरी कर ले गए. इन बॉक्सों में 70 नए मोबाइल थे, जिनकी कीमत लाखों आंकी जा रही है. मामले में पुलिस जांच कर रही है.**

लसूडिया थाने में दर्ज घटना के अनुसार 18 सितंबर की रात स्कीम नंबर 114, पार्ट-2 निपानिया क्षेत्र में हुई. फरियादी हितेश सिंह चौहान ने पुलिस को बताय कि उनकी गाड़ी से विवो कंपनी के मोबाइल फोन चोरी हुए. जांच में सामने आया कि पूजा मार्केटिंग, सुमित इंटरप्राइजेस और वन मिलियन मार्केटिंग नामक कंपनियों के डॉकेट नंबर दर्ज माल बॉक्स गाड़ी से गायब मिले. चोरी गए माल में पूजा मार्केटिंग के एक बॉक्स, सुमित इंटरप्राइजेस का एक बॉक्स और वन मिलियन मार्केटिंग के पाँच बॉक्स शामिल हैं. सात बॉक्स में 70 मोबाइल फोन थे. बदमाश इन्हें महिंद्रा जीतो वाहन नम्बर एमपी 09 डीएफ 3048 में रखकर ले गए. लसूड़िया पुलिस ने फरियाद की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज और वाहन की ट्रैकिंग के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है.



**बरगी बांध के तीन गेट खुले**

**जबलपुर.** बरगी बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए रविवार शाम को बांध के तीन गेट खोल दिए गए. गेट करीब 0.50 मीटर की औसत ऊँचाई तक खोले गए है जिनके जरिए 237 क्युमेक जल की निकासी की जा रही है.

## बाइक और पिकअप की भिड़ंत, युवक की मौके पर मौत

**शिवपुरी, 28 सितंबर.** जिले के सिरसौद थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई. यह घटना झिरी भोराना रोड पर हुई, जब एक बाइक और पिकअप लोडिंग वाहन की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान रौंदा थाना तेंदुआ निवासी लक्ष्मण सिंह यादव पिता पंचम सिंह यादव के रूप में हुई है.परिजनों ने बताया कि लक्ष्मण पिपरघार गांव में अपने दोस्त से मिलने गया था.




# पांच साल में 10 लाख का सामुदायिक भवन जर्जर

### गुणवत्ताविहीन कार्य, पूर्व सरपंच व सचिव की अनदेखी

**सिंगरौली 28 सितम्बर. जनपद पंचायत चितरंगी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खम्हारडीह ग्राम पंचायत में करीब चार साल पूर्व करीब 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत के द्वारा कराया गया था.**

किंतु गुणवत्ता विहीन कार्य एवं घटिया मटेरियल के चलते भवन के पिलर, बीम एवं दिवाल में जगह-जगह दरारें पड़ रही हैं. साथ ही बारिश के समय छत से अंदर पानी भी टपकता है. जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खम्हारडीह में वर्ष 2018 में स्टाम्प शुल्क राज्य स्तर से 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि मंजूर हुई थी. जहां तत्कालीन सरपंच जंतिया देवी पति हीरालाल कोल व सचिव ने किसी तरह वर्ष 2020-21 में कार्य पूर्ण कराया, लेकिन कई ग्रामीणों का आरोप है कि गुणवत्ता विहीन मटेरियल होने से सामुदायिक भवन कमीशनखोरी के भेंट चढ़ गया.

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि तत्कालीन उपयंत्री ने अपने आवास में बैठ कर बिना भवन का अवलोकन किये ही मूल्यांकन कर दिया. जबकि सामुदायिक भवन का पिलर व छत अत्यंत गुणवत्ता विहीन है. कई जगह दरारें पड़ गई हैं.

### श्रमिको को नही मिला पारिश्रमिक भुगतान

ग्रामीणों ने कहा पूर्व सरपंच जंतिया देवी पति हीरालाल कोल के 7 साल के कार्यकाल में कई कार्यों में भी भारी अनियमितताएं की गई है. कई मजदूरों को मजदूरी एवं ट्रैक्टर से कराए गए कार्यों का भी भुगतान आज तक नही हुआ है. सबसे ज्यादा प्रभावित आदिवासी समाज के मजदूर हैं. जहां लंबित बकाया मजदूरी की उम्मीद लगाए बैठे हैं. जब आदिवासी समाज से सरपंच बनने के बाद भी उन्हें मजदूरी तक नहीं मिली, तो फिर और किससे उम्मीद की जाए. ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर, जिला व सीईओ से सामुदायिक भवन सहित खेल मैदान व शमशान घाट के निर्माण में हुए कार्यों की जांच कर बकाया मजदूरी का भुगतान दिलाने की मांग की है.

## बदखर इलाके में ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**सतना.** नकली मोबाइल फोन बेचने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को कोलगवा पुलिस ने किया गिरफ्तार. थाना क्षेत्र के बदखर इलाके के गहरवार पेट्रोल पंप के पास की घटना. पुलिस ने मामले पर दो आरोपी देवा जादव पिता जन्मतारा उम्र 23 वर्ष निवासी जिला खंडवा, दूसरा रोशन जादव पिता हीरालाल जादव उम्र 19 निवासी महाराष्ट्र जलगांव जिला को गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास मोटरसाइकिल को भी किया जप्त. दोनों आरोपी को पुलिस द्वारा न्यायालय पेश किया जाएगा. टी आई सुदीप सोनी की अगुआई में पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है.

# कट्टा लेकर घर में घुसे चोर, लाखों का समान कर दिया पार

▸ दुर्गा पंडाल में पूजा करने गया था पूरा परिवार

**रीवा, 28 सितम्बर, शहर के समान थाना क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 26 लालन टोला में चोरो का आतंक बढ़ता जा रहा है. आए दिन यहां घरों के ताले टूट रहे हैं.**

शनिवार को दुर्गा पंडाल में पूजा करने गया परिवार जब वापस लौटा तो देखा कि घर में हथियार से लैस होकर चोर घुसे हुए हैं. जब तक घर वाले कुछ समझ पाते ही चोर ने कट्टा अड़ाया और वहां से भाग निकले. मामले की सूचना सामान थाना पुलिस को दी गई है. थाना प्रभारी विजय सिंह ने तत्काल मामले में जांच भी शुरु कर दी है. 57 हजार नगद सहित सोने के जेवरात चोर ले गए.

जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 26 लालनटोला बदरावं निवासी धीरेन्द्र तिवारी पिता स्व.गोपाल शरण तिवारी ने बताया कि वह और उनका पूरा परिवार करीब 100 मीटर दूरी पर दुर्गा पंडाल पर पूजा के लिए गया हुआ था. वहां से वह करीब 10.15 बजे कपड़ा बदलने लौटे और फिर वह दुर्गा पंडाल में चले गए. जब वह वापस करीब 11 बजे वहां से घर वापस आए और बाउंड्री के गेट से अंदर आए तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है और ताला टूटा पड़ा है. उन्हें चोरी का अंदेशा हुआ और वह अंदर गए तो एक चोर कट्टा लिए घुसा हुआ था.

# बूथ लेबल तक एप्रोच जरूरी : संजय दत्त

## मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत चल रहा बैठकों का दौर

खंडवा. मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बैठकों का दौरा चल रहा है. रविवार को खंडवा जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में जिला समन्वय समिति की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त,जिला सह प्रभारी हेमंत नरवरिया, इन्द्रसेन देशमुख ने ली.

संजय दत्त ने समन्वय समिति की बैठक का औचित्य और राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए संगठन सृजन अभियान के बारे में बताया. संजय दत्त ने कहा कि समन्वय समिति शहर व जिला कांग्रेस की नीति निर्धारण समिति है. जिसकी बैठक हर माह अनिवार्य रूप से होना चाहिए.

**बूथ लेवल तक बनानी होगी पैठ:** आगामी चुनावों की तैयारी के तहत जिला से बूथ लेवल तक संगठन को सशक्त बनाना अनिवार्य है. श्री दत्त ने समस्त पदाधिकारियों को कहा कि वह पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए जुट जाए. उन्होंने कहा कि सभी संगठन कांग्रेस कमेटी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगे. आयोजन में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया. यह संकल्प लिया गया कि घर-घर जाकर वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत हस्ताक्षर करवाए जाएंगे. जिला समन्वय समिति की बैठक में उत्तमपाल सिंह, प्रतिभा रघुवंशी,अजय ओझा, डॉ मुनीश मिश्रा, राजनारायण सिह,लोकसभ प्रत्याशी नरेंद्र पटेल, बसंत पवार हरसूद, अवधेश सिसोदिया, समिति के सदस्य उपस्थित रहे.

### बताई राहुल गांधी की थीम

बैठक के पूर्व संजय दत्त ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया. पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय ओझा, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा, नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम पाल सिंह एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी का पुष्प माला से स्वागत किया एवं बधाइयां दी.

# हर भाई-बहन अपनी मर्यादा जानता है : अनुमा आचार्य

**जबलपुर, 28 सितंबर. बीजेपी नेताओं की अमर्यादित टिप्पणियों बार-बार सामने आती हैं, लेकिन जब बहन-बेटियों पर अत्याचार होता है, तब वे चुप्पी साध लेते हैं.**

मध्यप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आँकड़े भयावह हैं. बलात्कार, छेड़छाड़ और उत्पीड़न की खबरें रोज़ अखबारों की सुर्खियाँ बनती हैं. भोपाल से लेकर छोटे कस्बों तक, बहन-बेटियाँ असुरक्षित हैं. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट में मध्यप्रदेश महिलाओं के खिलाफ अपराधों में शीर्ष पर है और नवरात्रि में बीजेपी के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बहन-भाई के रिश्ते को अपमानित कर रहे हैं, यह उनकी महिला विरोधी मानसिकता का प्रमाण है. हर भाई-बहन अपनी मर्यादा जानता है. मंत्री को महिलाओं को संस्कार सिखाने की जरूरत नहीं है. महिला कांग्रेस प्रदेश की हर बहन-बेटी के सम्मान और सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है. बहन-भाई का पवित्र रिश्ता हमारी संस्कृति की रक्षा करेगा और हम इसे कलंकित करने वालों को बख्शेंगे नहीं. कैलाश विजयवर्गीय तत्काल माँ दुर्गा के सामने झुककर सार्वजनिक माफी मांगें. ये सारी बातें कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता विंग कमांडर अनुमा आचार्य ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं.

कार्यक्रम ▸ वरिष्ठजन सम्मान एवं संवाद दिवस आयोजित

# वरिष्ठजनों का ज्ञान ही नई पीढ़ी को दूर करेगा अवसाद से : डॉ .गुप्त

**उज्जैन. 28 सितम्बर. प्रसिद्ध साहित्यकार एवं धर्मशास्त्री पूर्व संभागायुक्त डॉ. मोहन गुप्त ने कहा है कि युवा पीढ़ी में बढ़ते अवसाद को दूर करने में वरिष्ठजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है.**



आज हम यह भूल गए हैं कि हम परमात्मा के दिव्य अंश हैं. जो शक्ति सूर्य में है, जो शक्ति आकाशगंगा में है, वही शक्ति हमारे अंदर में है. वरिष्ठ जन का साथ, उनकी सेवा, उनसे संवाद आपके अंदर उस दिव्य शक्ति को जाग्रत करते है, जिसमें जीवन के हर प्रश्न का समाधान निहित है. वरिष्ठ जनों का संग करें, अपने जीवन को आलोकित करें, और अपने अवसाद को दूर करें. डॉक्टर मोहन गुप्त रविवार को महाश्वेता नगर में जीवन उद्घोष समिति द्वारा आयोजित वरिष्ठजन सम्मान एवं संवाद दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान उनके ही परिवारजनों द्वारा किया गया. साथ ही सम-सामयिक विषय बच्चों में बढ़ते अवसाद को दूर करने में वरिष्ठजनों की भूमिका पर तीन पीढ़ियों का संवाद भी हुआ. संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाला वैजयंती देवी मातृत्व सेवा पुरस्कार रेखा शुक्ला को प्रदान किया गया.

डॉ. मोहन गुप्त ने महाभारत का उद्धरण देते हुए कहा कि जीवन में दुख मिले या सुख मिले, जय मिले या पराजय मिले, चुनौतियों का डटकर सामना करें और परिणामों को अपराजित हृदय से स्वीकार करें. महाभारत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को भी यही उपदेश दिया था. नई पीढ़ी जीवन के उतार चढ़ाव में अविचलित रहें, समय बदलता है, किसी भी स्थिति में अवसाद न करें. अपने बड़े बुजुर्गों से हमेशा मार्गदर्शन लेते रहें. कार्यक्रम में पूर्व कुलपति वरेण्य संस्कृत विद्वान डॉक्टर बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्ति के उपरांत निवृत्ति से प्रवृत्ति की ओर जाने का लक्ष्य बहुत सात्विक है, जिसे जीवन उद्घोष संस्था द्वारा अपना ध्येय वाक्य बनाया गया है. वरिष्ठ होने अथवा सेवानिवृत होने का अर्थ यह कदापि नहीं है कि आप सारे कार्य छोड़कर घर पर बैठ जाएं. यहां से आपकी ऐसी जीवन यात्रा की शुरुआत होती है, जो आपको आपके जीवन के वास्तविक लक्ष्य तक ले जाती है. उन्होंने की श्रीमद्भगवदगीता का उद्धरण देकर बताया कि जब आपकी बुद्धि सात्विकी होगी, तब ही आप जान पाएंगे कि निवृत्ति क्या है, प्रवृत्ति क्या है, कार्य क्या है, अकार्य क्या है. अपनी बुद्धि को सात्विक करें और परम अर्थ की ओर अग्रसर हो जाएं.